# देखो देखो आया बजरंग बाला | By Hari Sharma Hai |

कीर्तन मे अब रंग बरसने वाला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है,
जहाँ जहाँ कीर्तन प्रभु का होता है,
नाचे हनुमत होकर के मतवाला है।

पाँव में घुँघरू बँधे हैं, हाथ में करताल,
ठुमक-ठुमक कर झूमता है अंजनी का लाल,
पी रहा है मस्ती का भर-भर कर प्याला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है।

राम का दरबार हो या श्याम का दरबार,
रहता है हनुमान हरदम, सेवा में तैयार,
अपने प्रभु का यह भक्त निराला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है।

भक्ति का भण्डार है ये, प्रेम का सागर,
माँग लो अनमोल धन यह हाथ फैला कर,
खुलवा लो जो बंद कर्म का ताला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है।

कर रहे हैं भक्त सारे, प्रार्थना इतनी,
भक्तिरस हमको चखा दो, भक्त शिरोमणि,
"बिन्नू" ने चरणों में डेरा डाला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है।

कीर्तन मे अब रंग बरसने वाला है,
देखो देखो आ गया बजरंग बाला है,
जहाँ जहाँ कीर्तन प्रभु का होता है,
नाचे हनुमत होकर के मतवाला है।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-hari-sharm/